KL3AFJ

समय : २ घंटे　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　पूर्णांक : ५०

प्र.१ निम्नलिखित अवतरणों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :- (१४)

क. "यहाँ बहुत दिन हुए एक थी रानी,
इतिहास बताता उसकी नहीं कहानी
वह किस एक पागल पर जान दिये थी
थी उसकी केवल एक ही नादानी।"

अथवा

"एक दूसरी दुनिया को उजाला देने के लिए
टिक भले जाओ कहीं रात को
प्रभात को मगर
अपने से पहले मत पढ़ने दो सूरज को भी
अपने से आगे मत बढ़ने दो"

ख) "ऐसे जिन्दा रहने से नफरत है मुझे
जिसमें हर कोई आए और मुझे अच्छा कहे
मैं हर किसी की तारीफ़ करता भटकता रहूँ
मेरे दुश्मन न हो
और इसे मैं अपने हक में बड़ी बात मानूँ ।"

अथवा

"इसलिए कि जो हैं उससे बेहतर चाहिए
पूरी दुनिया साफ करने के लिए मेहतर चाहिए
वह मेहतर मैं हो नहीं पाता।"

प्र.२ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (२०)

च) 'सुबह हो गई है कविता का भाव-सौन्दर्य समझाइए।

अथवा

'चार कौए उर्फ चार हौए' कविता के व्यंग्य को समझाइए ।

छ) कात्यायनी के 'शोकगीत' कविता का शोक अपने शब्दों में लिखिए ।

अथवा

'अरुण कमल की कविता 'नये इलाके में' का भाव-सौन्दर्य अपने शब्दों में लिखिए ।

प्र.३ निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए :- (१०)

त) 'जब आप' कविता का भावार्थ

अथवा

'गांधी पंचशती' कविता का उद्देश्य

थ) 'किरण' कविता का भावार्थ

अथवा

'जागो फिर एक बार' कविता का उद्देश्य

प्र.४ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :- (६)

१) 'भवानीप्रसाद मिश्र कविताएं एवं जीवन-परिचय' इस पुस्तक के संपादक का नाम बताइए ।

२) 'भवानीप्रसाद मिश्र' यह किताब किस प्रकाशन ने प्रकाशित की ?

३) भवानीप्रसाद मिश्र का जन्म कब हुआ ?

४) 'काव्य सरगम' के सम्पादक का नाम बताइए ।

५) 'बीस साल बाद' कविता किस कवि की है ?

६) 'अनामिका' की कविता का नाम बताइए ।

* * * *